SITAPUR POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट- जनपद सीतापुर

पैसों से भरा बैग झपट्टा मारकर भागने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार,

कुल ₹7,500 नकदी, पासबुक व आधार कार्ड बरामद

दिनांकः-05.11.2026

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद सीतापुर में चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षकगण को घटनाओं को रोकने व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी महोदय श्री आलोक सिंह के पर्यवेक्षण एवम् क्षेत्राधिकारी बिसवां श्री हर्षित चौहान के नेतृत्व में थाना तंबौर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। दिनांक 04.11.26 को थाना तंबौर क्षेत्र अंतर्गत इलाहाबाद बैंक (बेहटा) से एक वृद्ध व्यक्ति से झपट्टा मारकर नकदी, आधार कार्ड और पासबुक लेकर फरार होने वाले वांछित अभियुक्त प्रांशु मिश्रा पुत्र राजू मिश्रा निवासी- ग्राम मतुआ, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से छीने गये ₹7,500 नकद, बैंक पासबुक और आधार कार्ड बरामद किया गया है। घटना के संबंध में थाना तंबौर पर मु0अ0सं0 379/26 धारा 304(2)/317(2) BNS पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा.न्यायालय किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:- प्रांशु मिश्रा पुत्र राजू मिश्रा निवासी- ग्राम मतुआ, थाना लहरपुर, जनपद सीतापुर।

बरामदगी का विवरण:-₹7,500 नकद, आधार कार्ड, इलाहाबाद बैंक की पासबुक

पंजीकृत अभियोग- मु0अ0सं0 379/26 धारा 304(2)/317(2) BNS थाना तंबौर सीतापुर

पुलिस टीम- उ0नि0श्री शीतला प्रसाद यादव ,का0आयुष,का0 दिलीप


Angels

